तापमान

अधिकतम 40.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 27 अप्रैल 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



शोध-भविष्य की राह पर सशक्त पहल 14





बेटा श्रवण कुमार जैसा चाहिए तो पति को भी ... 14




## खबर संक्षेप

### महिला से शराबी पति ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** महिला के साथ उसके शराबी पति द्वारा मारपीट किए जाने के मामले बागबाहरा थाने में एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि कविता चंद्राकर पति गगन चंद्राकर (38 साल) वार्ड नं 4 थाना पारा ब्यूटी पार्लर एवं फैंसी स्टोर्स चलाती है। प्रार्थिया का पति शराब, गांजा, सनन गोली खाने का आदी है और रोज नशा पान करता है और नशा कर प्रार्थिया के साथ आए दिन मारपीट करता रहता है। 26 अप्रैल की दोपहर 12 से 12.30 बजे के बीच उसके पति गगन चंद्राकर ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। मारपीट से महिला के सिर में चोट लगी है। रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में दो लोग घायल

**महासमुंद।** ग्राम गढ़फुलझर में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि ग्राम पतेरापाली निवासी भानु प्रधान ने रिपोर्ट लिखाई है कि 18 अप्रैल को उसका बेटा कांतिलाल प्रधान और बहू मीनाक्षी प्रधान अपने मोटर सायकल सामान लेने बना गए थे, वापस घर जाते समय करीबन 6.30 से 7 बजे के बीच गढ़फुलझर से ओडिशा जाने के मार्ग में पांडे किराना दुकान के पास पीछे तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक अपने वाहन से उसके बेटे के मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर भाग निकला। घटना में घायल बेटे और बहू को बसना के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। मामले में अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# सप्ताहभर की भीषण गर्मी के बाद आगामी 3 दिन पहुंचाएंगे राहत

## मौसम विभाग ने चेताया आंधी और हल्की बारिश की भी संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सप्ताह भर की गर्मी के बाद अब आगामी 3 दिन लोगों को गर्मी से राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 3 आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। शनिवार देर शाम ही मौसम ने करवट ली और शाम से ही बदली छा गई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन, फिलहाल तापमान में कोई कमी दर्ज नही की गई है। आगामी 3 दिनों तक आंधी और हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है।

बता दें कि सप्ताहभर से जारी सूर्य की तपिश ने पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा दिया है। इस दौरान लोग गर्मी से बचने घरों में दुबककर रह गए हैं। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक सड़कें सुनी हो जा रही है। लोगों का पूरा समय एसी, कूलर के सामने बीत रहा है। दिन में लू के थपेड़ों ने लोगों को हलाकान कर रख दिया है। बढ़ती गर्मी का असर जनजीवन पर भी दिखाई दिया। दोपहर में सड़कों पर कम लोग दिख रहे हैं। बाजारों में भी रौनक नहीं है। धूप तेज होने पर लोग सुबह से ही चेहरे और सिर पर कपड़ा बांधकर बाहर निकले। राहगीर गर्मी से बचने के लिए पेड़ या दुकान की छाया में रुककर अपनी मंजिल की ओर



आगे बढ़ते दिखाई दिए। इन सब के बीच आज तेज धूप से थोड़ी राहत मिली। आज दोपहर 12 बजे तक तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि शुक्रवार या उससे पहले के दिनों में इसी समय तापमान 40-41 डिग्री तक पहुंच रहा था। लेकिन, हल्के बादल होने के कारण उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले तीन दिनों 29 अप्रैल तक तापमान में थोड़ी कमी आएगी। इस बीच आंधी और हल्की बारिश होने की संभावना बन रही है। जिससे तेज धूप और भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### कैसा रहेगा अगले पांच दिनों का संभावित तापमान

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| | ( अधिकतम/ न्यूनतम ) |
| 27 अप्रैल | 35/24 |
| 28 अप्रैल | 37/24 |
| 29 अप्रैल | 38/24 |
| 30 अप्रैल | 37/23 |
| 01 मई | 38/23 |

**कार्रवाई :** आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, बसना पुलिस ने की कार्रवाई

# 4 युवकों से 2 अलग-अलग मामलों में 28 किलो गांजा जब्त, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कार और बाइक से गांजा तस्करी करने के दो मामलों में बसना पुलिस ने पांच लाख से ज्यादा का करीब 28 किलो गांजा जब्त किया है। मामले में 4 आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामले को लेकर दर्ज एफआईआर के अनुसार वन विभाग नाका गढ़फुलझर में वाहन चेकिंग के दौरान स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 04 पीएन 1413 में तीन व्यक्ति सवार होकर आये। संदिग्ध लगने पर रोकने पर हड़बड़ी में कार को मोड़ने का प्रयास कर रहे थे। स्टाफ ने घेराबंदी कर रोका। जब पुलिस ने हडबड़ाने का कारण पूछा तब आरोपियों ने कार के पीछे डिक्की में दो बोरी में गांजा होना बताया।

पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम भोजराज सिन्हा पिता खिलेश्वर सिन्हा (23 साल) दीनदयाल नगर वार्ड नं. 6 चिखली राजनांदगांव थाना कोतवाली राजनांदगांव जिला राजनांदगांव, ड्रायवर के बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम आदित्य मेश्राम पिता धर्मेंद्र मेश्राम (22 साल) निवासी दीनदयाल नगर वार्ड नं. 7 चिखली राजनांदगांव थाना कोतवाली राजनांदगांव और कार के पीछे सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम लक्की ऊर्फ चुम्मन यादव पिता संतोष यादव (22 साल) दीनदयाल नगर वार्ड नं. 6 चिखली राजनांदगांव का निवासी होना। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार से 19 किलो 200 ग्राम गांजा कीमत 3,80,000 रुपए रुपए जब्त किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।



### बाइक से गांजा तस्करी

गांजा तस्करी के दूसरे मामले में बसना पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा पदमपुर की ओर से एक लाल काले रंग के टीवीए स्टार सिटी बिना नंबर मोटर सायकल में गांजा लेकर जाने की सम्भावना है। इसके बाद पुलिस ने सिटी ग्राउंड के पास उक्त हुलिए की एक बाइक को रोककर चालक से पूछताछ किया। जिस पर बाइक चालक ने अपना नाम शेषांक दुबे पिता देवेंद्र दुबे (32 साल) वार्ड नं. 19 रेस्ट हाऊस के पास तेजगढ, थाना तेजगढ जिला दमोह (म.प्र.) का निवासी होना बताया। साथ ही मोटर सायकल में पीछे सीट की ओर जरीकेन में गांजा होना बताया, जिससे पुलिस ने मादक पदार्थ गांजा 8 किलो 800 ग्राम कीमत 1,32,000 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# हिंदू संगठन कार्यकर्ता और मवेशियों की सूचना देने वाले से अवैध वसूली, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- जान से मारने की धमकी देकर बनाया बंधक, भाई को बुलवाकर वसूले 20 हजार

बाइक से अपने घर जा रहे एक युवक से कुछ लोगों ने गाली गलौज, मारपीट और डरा धमकाकर 20 हजार रुपए वसूल लिए। प्रार्थी ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली महासमुंद में कराई है।

पुलिस ने बताया कि प्राथी भीखम सतनामी निवासी ग्राम खपरी थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद 24 अप्रैल को रायपुर से काम करके अपनी मोटर सायकल से घर जा रहा था जैसे ही वह ग्राम बरोंडाबाजार-साराडीह मोड के पास सुबह करीब 9 बजे पहुंचा, उसी समय वहां पहले से उपस्थित जहुर निवासी कोसमबुडा, राजू कुर्रे निवासी भलेसर, जनक बंजारे निवासी बरोंडा बाजार और अन्य ने आवाज देकर रुकवाया। इसके बाद वे लोग प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे और कहने लगे कि हिंदू संगठन में काम करता है और हम लोग मवेशी ले जाते हैं, जिसकी सूचना देकर हमारे मवेशी को तथा हम लोगों को पकड़वा देता है कहा। साथ ही प्रार्थी को केस में फंसा देंगे कहने लगे। इस दौरान आरोपी प्रार्थी से 50,000 रुपए की मांग करने लगे। तब डर कर प्रार्थी ने अपने छोटे भाई अनिल कुमार को फोन किया। जब उसका भाई आया तब उन्होंने आरोपियों को पैसा देने से मना किया, इस पर फिर से आरोपी प्रार्थी से मारपीट करने लगे। जिसके बाद डरकर प्रार्थी के भाई ने गांव में रहने वाले उमेश बंजारे को फोन लगाकर सूचना दी घटना के संबंध में बताया, इसके बाद प्रार्थी के बड़े भाई उमेश बंजारे ने ऑनलाइन पैसा ट्रांसफर किया, इसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी और उसके भाई को छोड़ा। मामले में रिपोर्ट के बाद आरोपियों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कोमाखान में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को ओंकार सिंह ठाकुर पिता कृष्णा सिंह ठाकुर (28 वर्ष) ग्राम द्वारतराकला ने बताया कि 25 अप्रैल की सुबह 8 बजे उसके साथ घर के सामने गली में पुराने विवाद को लेकर आरोपी रोहित ठाकुर, हेमचंद बरिहा, मनोज ठाकुर, बुधियारिन बाई ठाकुर ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में



लिया गया है।

इसी तरह मारपीट के एक अन्य मामले में पटेवा थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को महेश राम निषाद निवासी रायतुम ने बताया कि 25 अप्रैल की रात वह गांव के च्वाईस सेंटर के सामने टहल रहा था। करीब 7 बजे आरोपी राजकुमार साहू व तेजराम साहू ने एक राय होकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का और डंडे से मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# दो अधिकारियों और करणी कृपा पावर प्लांट प्रबंधन के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- सुरक्षा मानकों का पालन न करते उपेक्षापूर्ण कार्य करने से उपहति होना पाए जाने के बाद मामला दर्ज

कन्वेयर बेल्ट की चपेट आकर घायल हुए युवक के मामले में तुमगांव थाने में करणी कृपा प्लांट प्रबंधन और दो अधिकारियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

तुमगांव पुलिस ने बताया कि 21 अप्रैल को करणी कृपा पावर प्लांट के अधिभोगी/निदेशक सुमीत ठाकुर की ओर से कर्मचारी हर्ष कुमार साहू पिता टापलाल साहू के प्लांट



के अंदर कार्य करने के दौरान कन्वेयर बेल्ट की चपेट में हाथ, कंधे में चोट लगकर घायल होने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया था। इसके बाद घायल कर्मचारी के रामकृष्ण केयर हास्पिटल रायपुर में इलाज होने पर प्रधान आरक्षक को भेजकर घायल का कथन कराया गया। उसके कथन के बाद सुरक्षा मानकों का पालन न करते उपेक्षापूर्ण कार्य करने से उपहति होना पाए जाने के बाद मामले में दुषवंता नायक (मैनेजर मैकनिकल विभाग), झा (एचओडी मैकनिकल विभाग) और करणी कृपा प्लांट प्रबंधन तुमगांव के खिलाफ धारा 125(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# माहेश्वरी युवा मंडल की नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय माहेश्वरी युवा मंडल की वार्षिक बैठक बाबा रामदेव मंदिर में हुई। जिसमें आय व्यय का ब्यौरा के पश्चात 2025 से 28 तक के लिए नई कार्यकारिणी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें अध्यक्ष श्याम राठी, उपाध्यक्ष यश चांडक, सचिव गौरव राठी, कोषाध्यक्ष शुभम भूतड़ा, सहसचिव निखिल केला, प्रचार प्रसार मंत्री आर्यन चांडक एवं आयुष चांडक, सांस्कृतिक सचिव दीपक चांडक, कार्यकारिणी



सदस्यगण मनीष माहेश्वरी, पंकज राठी, जय चांडक, योगेश लड्ढा, प्रिंस लड्ढा, ओमप्रकाश चांडक एवं संतोष राठी शामिल हैं। नई कार्यकारिणी गठन पर निवृतमान अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष पंकज राठी, जगदीश टावरी, भावेश चांडक, निखिल टावरी, सागर चांडक, दिलीप केला, आलोक चांडक ने हर्ष जताया। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष श्याम राठी ने कहा कि मुझे युवा संगठन में जो दायित्व सौंपा है उसे ईमानदारी के साथ निभाऊंगा, संगठन को और मजबूत किया जाएगा।

## इंजीनियर की बाइक चोरी

**महासमुंद।** ग्राम लभरा खुर्द में रहने वाले निजी मोबाइल कंपनी के इंजीनियर की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को प्रार्थी दुर्गेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वह ग्राम लभरा खुर्द में उमेंद्र चंद्राकर के किराये के मकान में रहता है। 21 अप्रैल को उसकी टीवीएस स्पोर्ट क्रमांक एमपी 20 एनडब्लू 6908 को किसी ने चोरी कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



## परकोम में मिडिल स्कूल जर्जर, नए भवन की मांग

नर्रा। बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओड़िशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत परकोम के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन काफी जर्जर हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार भवन को बने लगभग 40 वर्ष से अधिक हो गए है। यहां भवन के छत का प्लास्टर गिर रहा है। सरिया पूरी तरह सड़ गई है, कभी भी भरभरा कर गिर सकती है। स्कूल में कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं तक के लगभग 86 बच्चे दर्ज है। अतिरिक्त भवन में कक्षाएं संचालित हो रही है। वहां के ग्रामीणों ने शासन से नवीन भवन की मांग की है।

वन विभाग ने की कार्रवाई, सभी आरोपियों को न्यायालय में किया गया पेश

# जंगली सूअर के शिकार में शामिल 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

जंगली सुअर के शिकार मामले में वन विभाग अमले ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिथौरा परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम खपराखोल के आसपास जंगल में जंगली सुअर धान की फसल खाने के लिए आते थे। इसे देखते हुए आरोपियों ने सुअर का शिकार करने के लिए खेतों के चारों ओर करंट प्रवाहित तार बिछा दिया था। करंट लगने से एक जंगली सुअर की मौत हो गई। मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ग्राम खपराखोल निवासी भारत वनोत (उम्र 35 वर्ष, जाति तेली) एवं नरेश ठाकुर (उम्र 23 वर्ष, जाति गोंड) को



गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 50, 51 के तहत अपराध क्रमांक 20660/12 दिनांक 23.04.2025 को दर्ज कर मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस प्रकरण में अन्य आरोपी संतोष यादव, किसान पटेल एवं कुलकुल पटेल को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। वन विभाग के अनुसार घटना स्थल से मिथुन पटेल एवं रामेश्वर पटेल के मुर्गी फार्म हाउस से लगभग 400 मीटर दूर जंगल में जंगली सुअर के जबड़े, पसली, रीढ़ की हड्डी एवं बाल बरामद किए गए हैं। बरामद वस्तुओं को विधिवत जब्त कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## हाईवे में एंबुलेंस की टक्कर से अज्ञात महिला की मौत

**महासमुंद।** एनएच 53 में एक एंबुलेंस की टक्कर से अज्ञात महिला की मौत हो गई। मामलेमें बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 24 अप्रैल की रात करीब 1.05 बजे एनएच 53 मेन रोड संजय फैमिली रेस्टोरेंट के सामने ग्राम पर्रापाट के पास रोड एक्सीडेंट होने की सूचना मिली थी। इसके बाद डायल 112 स्टाफ द्वारा घटना स्थल पहुंचकर देखा गया कि एक अज्ञात महिला रोड में पडी थी, जिसका सिर कुचल गया था और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। प्रथम दृष्टया अज्ञात महिला की मृत्यु सरायपाली से बसना की ओर आ रही एम्बुलेंस वाहन क्र एमएच 43 5347 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं उपेक्षापूर्ण चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से होना पाया गया। मामले में बसना थाने में आरोपी वाहन चालक विक्की खैरनार पिता दादाजी खैरनार (32 साल) पुणे नासिक रोड भोसरी थाना एमआईडीसी भोसरी जिला पुणे महाराष्ट्र के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

**खबर संक्षेप**



## मॉडल ब्लड बैंक और संत निरंकारी चेरिटेबल के सहयोग से रक्तदान

**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं संत निरंकारी मंडल चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रायपुर और तिल्दा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्रमशः 194 और 93 यूनिट रक्तदान किया। संत निरंकारी मंडल चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संत गुरुबचन सिंह के शहीदी दिवस पर हर साल यह कार्यक्रम आयोजित होता है। पिछले 25 वर्षों से निरंकारी मंडल मॉडल ब्लड बैंक सेंटर के साथ मिलकर हर साल रक्तदान शिविर आयोजित करती आ रही है। निरंकारी मंडल की तरफ से रायपुर कैंप का कार्यभार गुरबक्श कालरा ने, तिल्दा कैंप का कार्यभार सुंदरदास ने एवं मॉडल ब्लड बैंक सेंटर की तरफ से क्रमशः डॉ. रवीना यादव, डॉ. सूदित पाल और डॉ. अविरल मिश्रा ने संभाला। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर के सहयोग तथा विभााध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल एवं मॉडल ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. अमित भारद्वाज के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम पूरा हुआ।

## जिला दवा विक्रेता संघ चुनाव अधिसूचना जारी

**रायपुर।** डिस्ट्रिक केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सत्र 2025-28 के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पूरी करने अधिसूचना जा कर दी गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी ठाकुर राजेश्वर सिंह ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया 4 मई से शुरू होकर 11 मई तक पूरी होगी। इसके तहत 4 मई को मतदाता सूची का प्रकाशन और दावा आपत्ति के बाद अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 5 मई को नामांकन पत्र का वितरण और स्वीकार करने के साथ उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन होगा। 7 मई को नामांकन पत्रों पर दावा-आपत्ति के साथ वापसी की प्रक्रिया पूरी होगी। 11 मई को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा और शाम 4 बजे से मतगणना शुरू कर परिणाम घोषित किया जाएगा। निर्वाचन से संबंधित सारी प्रक्रिया मेडिकल कांप्लेक्स के केमिस्ट भवन में पूरी होगी और मतदान मेडिकल कांप्लेक्स के हाल में किया जाएगा।

## उपअभियंता को आयुक्त ने किया निलंबित

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी कर प्रधानमंत्री आवास मुख्यालय की उपअभियंता अंकिता अग्रवाल को अपने विधिक दायित्वों का निर्वहन करने में असफल रहने के कारण एवं घोर लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं प्रभारी अधीक्षण अभियंता तत्कालीन सहायक अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा नगर निगम राजेश राठौर और सहायक अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा योगेश यदु के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

## ग्रेसफुल मीडिया इंडिया प्रा.लि. ब्लैक लिस्टेड

**रायपुर।** नगर निगम के भवन अनुज्ञा विभाग ने ग्रेसफुल मीडिया इंडिया प्रा.लि. के डायरेक्टर विश्वरंजन पुरोहित न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर को ब्लैक लिस्टेड घोषित किया है। बताया गया कि बी.ओ.टी. प्रणाली के तहत नगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों जैसे साक्षरता चौक, अनुपम गार्डन एवं तेलीबांधा चैक पर नवीन यूनिपोल संरचनाओं की स्थापना एवं उनके माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन के लिए संस्था को 15 मार्च 2024 तक अनुबंध किया गया था। इस अनुबंध की तारीख 44 लाख 38 हजार 317 की राशि विज्ञापन शुल्क के रूप में निगम में जमा कराना था। इसके लिए संस्था को कई बार सूचित भी किया गया। इसके अलावा विभिन्न निविदा अंतर्गत अनुबंध निरस्तीकरण एवं मीडिया राजसात होने के उपरांत बकाया राशि 7 करोड़ 27 लाख 82 हजार 626 रुपए जमा कराने पर्याप्त समय दिया गया है, लेकिन अद्यतन बकाया राशि जमा नहीं कराई गई।

# अब सरकारी फाइलें दौड़ेंगी डिजिटल माध्यम से, पत्र भी भेजे जाएंगे ईमेल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के सरकारी विभागों से अब लालफीता शाही का दौर पूरी तरह समाप्त होने की स्थिति में आ जाएगा। वजह ये है कि सरकार ने फैसला किया है कि मंत्रालय के सभी विभाग, विभागाध्यक्ष, सभांगीय या जिला कार्यालय या कोई भी सरकारी संस्था से पत्राचार केवल ई ऑफिस फाइल रिसीप्ट के माध्यम से किया जाएगा। अगर यह सिस्टम ऑनबोर्ड नहीं होगा, तो पत्राचार शासकीय ईमेल के माध्यम से किया जाएगा।

### मुख्य सचिव ने सभी विभागों के लिए जारी किया आदेश

#### मुख्य सचिव ने आदेश जारी किया

इस संबंध में राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टर छत्तीसगढ़ के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि यह व्यवस्था कार्य संपादन में गति लाने, उन्नत कार्यकुशलता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए की जा रही है।

#### सरकार ने लिया है ये निर्णय

मंत्रालय के सभी विभागों में अंतरविभागीय पत्राचार और नोटशीट केवल ई-ऑफिस फाइल या रिसीप्ट के माध्यम से भेजी जाएगी। मंत्रालय के अन्यत्र विभागाध्यक्ष, संभागीय, जिला कार्यालय या शासकीय संस्था के द्वारा मंत्रालय के किसी भी विभाग को पत्राचार केवल ई ऑफिस फाइल-रिसीप्ट से किया जाएगा। ई ऑफिस में ऑनबोर्डिंग नहीं होने की स्थिति में पत्राचार केवल शासकीय ई-मेल के माध्यम से किया जा सकेगा। अर्धशासकीय पत्र या ऐसे वैधानिक दस्तावेज जिसमें मूल प्रति की जरूरत हो, हार्ड कॉपी के रूप में भेजे जा सकते हैं। मुख्य सचिव ने इसी आदेश में कहा है कि इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

#### प्रशासनिक काम होंगे तेज, भ्रष्टाचार रुकेगा

उच्च पदस्थ सूत्रों दावा है कि ई-ऑफिस से न केवल प्रशासनिक कार्य तेज होने के साथ ही भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। डिजिटल गवर्नेंस सरकार की प्राथमिकता है। ई-ऑफिस से न केवल कार्य कुशलता बढ़ेगी, बल्कि जनता को भी बेहतर सेवाएं मिलेंगी। ई ऑफिस के क्रियानव्यन के लिए संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को कई महीनों से अलग-अलग प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

#### अब होगा पेपरलेस कामकाज

*छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन शुरु किया गया है। यह डिजिटल पहल राज्य के विभिन्न विभागों में कागज रहित कार्य संस्कृति को बढ़ावा दे रही है। ई-ऑफिस प्रणाली के तहत फाइलों का प्रबंधन, दस्तावेजों का आदान-प्रदान और निर्णय लेने की प्रक्रिया अब ऑनलाइन हो रही है, जिससे समय और संसाधनों की बचत हो रही है। इस सिस्टम क प्रारंभ होने के समय मुख्य सचिव के नेतृत्व में गठित एक समिति ने सभी विभागों को ई-ऑफिस के उपयोग के लिए प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग जैसे प्रमुख शहरों में स्थित कार्यालयों में यह प्रणाली पहले ही तैयार हो चुकी है। जबकि अन्य जिलों में चरणबद्ध तरीके से इसे लागू किया जा रहा है।*

### महंगे में खरीद कर भी निर्धारित दर पर आपूर्ति का प्रबंधन

# भीषण गर्मी ने बढ़ाई बिजली की मांग, खपत 7000 मेगावॉट पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी की वजह से बिजली की मांग में बहुत तेजी से बढ़ी है। पिछले साल मई में अधिकतम मांग 6,368 मेगावॉट पहुंची थी, जो इस साल अप्रैल में ही 10 प्रतिशत बढ़कर 7,006 मेगावॉट तक पहुंच गई। भारी मांग के कारण आम उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति में व्यवधान न आए, इसके लिए छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी द्वारा पीक ऑवर्स में ऊंचे दाम पर भी बिजली खरीद कर निर्धारित दर पर ही आपूर्ति की जा रही है।

बताया गया है कि अत्यधिक मांग के कारण विद्युत प्रणाली पर भारी दबाव होता है। इसके कारण विगत 15 दिनों में केंद्रीकृत कॉल सेंटर में कुल 65 लाख उपभोक्ताओं में से 1 लाख 56 हजार शिकायतें दर्ज की गई जिनका निराकरण समय पर किया गया। त्वरित मरम्मत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

#### सालभर में मांग बढ़ी 10 प्रतिशत

इस साल पिछले वर्षों की अपेक्षा अप्रैल माह में ही तेज गर्मी पड़ने लगी है। जिसके कारण विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं की बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है। विगत वर्ष मई महीने में 6,368 मेगावॉट की तुलना में इस वर्ष 22 अप्रैल में ही मांग 7,006 मेगावॉट को स्पर्श कर गई जो विगत 1 वर्ष में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि है।



#### महंगी बिजली खरीद कर आपूर्ति कर रहे

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी, पॉवर एक्सचेंज और बैंकिंग के साथ ही एचपीडीएएम (हाई प्राइज डे अहेड मार्केट) के जरिये मंहगी दरों पर बिजली खरीदकर आम घरेलू उपभोक्ताओं को क्रय दर से कम दरों पर बिजली प्रदान कर रही है। वन नेशन, वन ग्रिड के आधार पर देशभर के सभी विद्युत घरों की उत्पादित बिजली ग्रिड में डाली जाती है, उसे राज्य आवश्यकतानुसार क्रय करके अपने राज्य में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करते हैं। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक दिन पूर्व मांग बताई जाती है। फिर मांग के अनुसार हर 15 मिनट के स्लैब में बिजली की दरें जारी होती हैं, जिस राज्य की दर अधिक रहती है, उसे विद्युत उत्पादक कंपनियां बिजली बेचती हैं।

#### बिजली की खरीदी 14.50 रुपए प्रति यूनिट पर

छत्तीसगढ़ में बिजली की औसत मांग दिन में 5,120 मेगावॉट रहती है। परन्तु पीक ऑवर (शाम 6 बजे से रात तक) में यह मांग 6,500 से 7,000 मेगावॉट से अधिक पहुंच रही है। इसे पूरा करने लगभग 800 मेगावॉट बिजली एचडीपीएम के जरिये ली जा रही है। इसमें अधिकतम 14.50 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदी जा रही है। कई बार इतनी अधिक दर पर भी बिजली नहीं मिलती। 24 अप्रैल को पॉवर कंपनी ने 6,800 मेगावॉट बिजली की मांग का आकलन करते हुए अतिरिक्त बिजली मार्केट से क्रय करने की प्लानिंग की। इसी तरह प्रतिदिन एक अलग टीम प्रदेश में संभावित मांग और आपूर्ति का तालमेल करते हुए पॉवर परचेज करती है। सामान्य तौर पर राज्य में उत्पादित बिजली की दर 4 से 8 रूपए प्रति यूनिट तक रहती है। उपभोक्ताओं के हित में खुले मार्केट से बिजली क्रय करने पर अधिक कीमत देनी पड़ती है।

# अब कर्जमुक्त हुआ नवा रायपुर विकास प्राधिकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, जिसे पहले एनआरडीए के नाम से जाना जाता था, अब पूरी तरह से कर्जमुक्त हो गया है।



प्राधिकरण ने 1788 करोड़ रुपये का सारा कर्ज़ चुका दिया है, जो कि भारत सरकार और कई राष्ट्रीयकृत बैंकों से लिया गया था। साथ ही 100 करोड़ रुपये की सरकारी गारंटी भी अब राज्य सरकार को लौटा दी है। इस उपलब्धि का श्रेय छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की नीतियों, वित्तीय अनुशासन और पारदर्शी प्रशासन को जाता है। यह कदम नवा रायपुर को अधोसंरचना विकास और नई परियोजनाओं के क्रियान्वयन में मददगार होगा।

#### मुख्यमंत्री ने जताई खुशी

मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नवा रायपुर अटल नगर का ऋणमुक्त होना एक सुखद संकेत है। हमारी सरकार ने वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और रणनीतिक नियोजन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया कि प्राधिकरण न केवल कर्ज से मुक्त हो, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर विकास की नई ऊंचाइयों को छूए। यह उपलब्धि नवा रायपुर को एक आधुनिक, रोजगारोन्मुखी और सुविधायुक्त शहर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

#### सारी संपत्तियां बंधन मुक्त

ऋणमुक्ति के साथ, प्राधिकरण की सभी संपत्तियां अब बंधनमुक्त हो गयी हैं, जिससे उनका उपयोग और क्रय-विक्रय आसान होगा। इससे नगदी प्रवाह बेहतर होगा और अधोसंरचना, सार्वजनिक सेवाओं और नई परियोजनाओं को तेजी से लागू किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम नवा रायपुर को मेडिकल टूरिज्म और औद्योगिक विकास का केंद्र बनाएगा।

#### नवा रायपुर बना नया ग्रोथ इंजनः चौधरी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी का कहना है कि नवा रायपुर छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का नया ग्रोथ इंजन बनने जा रहा है। यहां आरबीआई, नाबार्ड सहित अन्य बैंकों और एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय, बालको कैंसर अस्पताल, सत्य साईं अस्पताल जैसे अनेक संस्थाओं का पदार्पण हो चुका है। अब यहां पर सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर क्षेत्र से संबंधित उद्योग भी लगने जा रहे हैं। नवा रायपुर में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल सुविधा प्रदान करने हेतु लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में मेडिसिटी विकसित करने की योजना है।

# अस्पष्ट आदेश के चक्कर में फंसा 50 डाक्टरों का अध्ययन अवकाश, बिना स्टाइपेंड कर रहे काम

### तर्क संशोधन आदेश में पुराने एडमिशन वालों का जिक्र नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

एमडी-एमएस की पढ़ाई करने के लिए तीन साल के अध्ययन अवकाश के स्पष्ट नहीं होने की वजह से करीब पचास डाक्टरों को तीसरे साल की पढ़ाई के दौरान स्टाइपेंड नहीं मिल रहा है। इन पीजी डाक्टरों को कार्यालयीन स्टाफ द्वारा तर्क दिया जा रहा है कि आदेश में पुराने एडमिशन वालों को इसका लाभ देने का जिक्र नहीं है। चिकित्सकों ने बताया कि वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 बैच के पीजी छात्र इस आदेश के स्पष्ट नहीं होने की वजह से बिना शिष्यवृति के पढ़ाई और काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पीजी के तीन साल की पढ़ाई के लिए दो साल अध्ययन अवकाश दिया जाता था। अवकाश की अवधि बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास के बाद पिछले महीने इस मामले में संशोधित आदेश जारी किया गया था। इसे लेकर पीजी की पढ़ाई करने वालों में हर्ष का माहौल था, जिसमें कुछ को अब दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तृतीय वर्ष की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों ने बताया कि उन्हें बिना स्टाइपेंड के काम करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कालेजों और संचालनालयों के स्टाफ द्वारा तर्क दिया जा रहा है कि आदेश में इस बात का उल्लेख नहीं है कि तृतीय वर्ष का अध्ययन अवकाश पुराने छात्रों को भी दिया जाएगा। इस तर्क की वजह से चिकित्सा विशेषज्ञ की पढ़ाई के अंतिम वर्ष में पहुंच चुके करीबन 50 छात्रों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। डाक्टरों का खर्च है कि पढ़ाई के साथ अस्पतालों में ड्यूटी के दौरान होने वाले खर्च को उन्हें अपनी जेब से वहन करना पड़ रहा जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है।

#### त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम बनाने के बाद जरूरत

एमबीबीएस के बाद पीजी की पढ़ाई के लिए कई कोर्स में दो साल का डिप्लोमा होता था। वर्ष 2019 के पूर्व मेडिकल की पढ़ाई के लिए दो साल का डिप्लोमा कोर्स संचालित होता था। वर्ष 2019 में सभी डिप्लोमा विषयों को तीन वर्षीय स्नातक के रूप में मान्य कर दिया गया। इसके बाद अध्ययन अवकाश को दो के बजाए तीन साल करने की जरूरत पड़ी। इसकी मांग के लिए चिकित्सकों के संगठन ने काफी प्रयास किया, जिसके बाद इसका आदेश पिछले माह ही जारी किया गया है।

#### बांड नियम तोड़ने पर ब्याज के साथ वसूली

जारी किए गए संशोधित आदेश में पीजी की पढ़ाई के लिए दी जाने वाली छुट्टी के बाद 5 साल की अनुबंध सेवा अनिवार्य रूप से पूरा करने का शर्त रखा गया है। इस नियम का पालन नहीं करने पर संबंधित छात्र से अध्ययन अवकाश प्रारंभ होने की तिथि से राशि वापस करने की तिथि तक 8 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज की दर से वसूली का प्रावधान किया गया है। वसूली नहीं हो पाने पर संबंधित चिकित्सक की एमबीबीएस, पीजी अथवा अन्य सुपरस्पेशलिटी डिग्री छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा निरस्त करने का जिक्र भी है।

#### जूनियर डॉक्टरों ने निकाला कैंडल मार्च

**रायपुर।** पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के जूनियर डॉक्टरों ने शुक्रवार की शाम पहलगाम पीड़ितों के सम्मान में कैंडल मार्च का आयोजन किया। आयोजन में बड़ी संख्या में डॉक्टर, छात्र और आम नागरिक शामिल हुए। मार्च के दौरान सभी प्रतिभागी मोमबत्तियाँ लेकर मौन रहकर उन निर्दोष लोगों के लिए अपनी संवेदनाएँ व्यक्त कीं, जिन्होंने हाल की घटनाओं में अपने प्राण गंवाए। डॉक्टरों ने संदेश दिया कि एकता और शांति ही अंधकार में आशा का प्रकाश बन सकती है। कैंडल मार्च मेडिकल कॉलेज परिसर से शुरू होकर अस्पताल के मुख्य द्वार तक पहुँचा, जहाँ एक संक्षिप्त सभा में मौन धारण कर पीड़ितों के लिए प्रार्थना की गई।



# निशक्तजन वित्त एवं विकास निगम अब होगा छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन, सीएम ने की घोषणा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ दिव्यांगों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार- साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष लोकेश कावड़िया को नए दायित्व के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम का नाम परिवर्तित कर छत्तीसगढ़ दिव्यांग जन वित्त एवं विकास निगम करने की घोषणा की। साथ ही मुख्य मंच से इस अवसर पर 15 दिव्यांग हितग्राहियों को ऋण, 11 दिव्यांग हितग्राहियों को ऋण अदायगी करने पर ब्याज सब्सिडी एवं श्रवण बाधित दिव्यांग को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

#### रमन ने कहा- दिव्यांगों के जीवन में खुशहाली लाएं

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनो के जीवन में खुशहाली लाने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान दंतेवाड़ा जिले में आए थे, तब दिव्यांगजनों से उनका विशेष लगाव देखने को मिला था। आज हमारी सरकार ने बेहद अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता को इसकी जिम्मेदारी दी है, जिसका सीधा लाभ दिव्यांग साथियों को मिलेगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्पों के आधार पर दिव्यांगों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने एवं उनके कौशल विकास पर जोर दे रही है। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे सहित विभिन्न मंडल आयोगों के अध्यक्षगण, छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में दिव्यांग छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक इलाज का आदेश, दोपहर बाद पैरामेडिकल स्टाफ के भरोसे

# बारह घंटे ओपीडी योजना का डिब्बा गुल, हमर क्लीनिक में सुबह की जांच के भरोसे मरीजों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ सेटअप के अनुसार नहीं मिल रहे डाक्टर और चिकित्सकीय स्टाफ, ले-देकर चला रहे काम

छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए गली-मोहल्ले में खोले गए हमर क्लीनिक में बारह की ओपीडी का डिब्बा गुल हो चुका है। यहां सुबह आठ से रात्रि आठ बजे तक यहां मरीजों की जांच और उपचार की सुविधा देने का आदेश है, मगर सुबह की ओपीडी और दोपहर 2 बजे से ज्यादातर हमर क्लीनिक पैरामेडिकल स्टाफ के भरोसे हो जाता है। जानकार लोगों का कहना है कि हमर क्लीनिक को सेटअप के अनुसार डाक्टर और चिकित्सकीय स्टाफ नहीं मिल पा रहे हैं, जिसकी वजह से उनका काम ले-देकर चल रहा है। सर्दी-खांसी, बुखार जैसी समस्याओं के इलाज के साथ नियमित वैक्सीन और बीपी-शुगर की दवाओं के वितरण को ध्यान में रखते हुए गली-मोहल्ले में हमर क्लीनिक खोला गया था। शुरुआती दौर में बनाई गई योजना और जारी किए गए आदेश के अनुसार यहां आने वाले मरीजों को 12 घंटे और सातों दिन उपचार की सुविधा दिए जाने की योजना थी। इसके लिए हमर क्लीनिक में एमबीबीएस डाक्टर के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ का सेटअप भी बनाया गया। शुरुआती दिनों में हमर क्लीनिक का संचालन जोर-शोर से हुआ फिर मानिटरिंग में ढिलाई से यहां की उपचार व्यवस्था प्रभावित हुई। वर्तमान में राजधानी रायपुर में 50 हमर क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है, जिसमें से 90 फीसदी केंद्र हॉफ डे संचालित हो रहा है। हमर क्लीनिक में सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक ओपीडी हो रही और दोपहर दो बजे के बाद यहां यहां केवल नॉन क्लीनिकल और पैरामेडिकल स्टॉफ ही शेष रह जाते हैं। सूत्रों का कहना है कि शुरुआती दिनों में यहां काफी संख्या में डाक्टर मिल रहे थे मगर अब इनकी किल्लत होने लगी है। किसी भी हमर क्लीनिक में कम से कम दो चिकित्सक की आवश्यकता है मगर वास्तव कई क्लीनिक में एक डाक्टर भी नहीं है।

#### शाम की ओपीडी बंद

*कामगार वर्ग के मरीजों को शाम के वक्त ओपीडी में उपचार देने की योजना भी बनाई गई थी। इसके तहत शाम 5 से रात्रि आठ बजे तक तमाम स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की मौजूदगी जरुरी थी। कुछ स्वास्थ्य केंद्रों में यह व्यवस्था संचालित हो रही है मगर अधिकांश केंद्रों में मरीजों को अपनी शारीरिक समस्याओं के इलाज के लिए सुबह की ओपीडी का इंतजार करना पड़ता है। शासन द्वारा सुबह-शाम स्वास्थ्य केंद्रों में जांच और उपचार की योजना ठंडी पड़ गई है।*




#### आधा दर्जन स्टाफ

*हमर क्लीनिक में डाक्टरों के अलावा एक एमपीडब्लू, एक डेटा कंप्यूटर आपरेटर, एक चतुर्थ वर्ग कर्मचारी एवं नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी लगाने का नियम था। अन्य वर्ग के कर्मचारियों की व्यवस्था को विभागीय स्तर पर कर ली जा रही है मगर नर्सिंग स्टाफ और पर्याप्त संख्या में डाक्टर हमर क्लीनिक को नहीं मिल पा रहे है। जरुरतों को ध्यान में रखते हुए बांडेड के साथ निजी डाक्टरों की सेवाएं भी लेने का प्रयास किया जा रहा है।*

#### फंड का अभाव भी

*सूत्रों के अनुसार हमर क्लीनिक के संचालन और रखरखाव के लिए फंड की समस्या भी सामने आने लगी है। इसके लिए पंचवर्षीय योजना के तहत राशि का आवंटन नहीं हुआ है। इसकी वजह से हमर क्लीनिक की संख्या बढ़ नहीं पा रही है। कई स्थानों पर इसके बोर्ड तो लगाए गए हैं मगर भवन निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। चिकित्सकों और अन्य स्टाफ के वेतन की व्यवस्था एनएचएम के माध्यम से की जा रही है।*

## खबर संक्षेप

### चौक बनाने व प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सरायपाली।** प्रदेश के सभी विकासखण्डों में अंबेडकर चौक का निर्माण कर उसमें उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रणवीर मेश्राम द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। श्री मेश्राम ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि शासन द्वारा समस्त विकासखंडों में अटल चौक बनवाने का निर्णय लिया गया है, जो कि स्वागत योग्य है। छग निर्माण में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता तथा आने वाली नई पीढ़ी भी इसे याद रखे इसके लिए उनके नाम से चौक निर्माण एवं प्रतिमाओं को स्थापित करना आवश्यक हो गया है। इसी प्रकार अटल चौकों की तरह ही मेश्राम द्वारा सभी विकासखंडों में अम्बेडकर चौकों के निर्माण कराए जाने की भी आवश्यकता जताई है।

### दीपक को फ्लाइंग स्क्वाड के साथ रेंजर का प्रभार

**रायपुर।** वनमंडल रायपुर में रायपुर परिक्षेत्र में एक माह पूर्व फ्लाइंग स्कवायड प्रभारी बनाए गए दीपक तिवारी को रेंज परिक्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। दीपक को उनकी सक्रियता के चलते रेंजर की जिम्मेदारी दी गई है। फ्लाइंग स्कवाड प्रभारी बनाए जाने के बाद दीपक तिवारी ने अलग-अलग जगह कार्रवाई करते हुए नियम के विपरीत संचालित आरा मिल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महीने के भीतर लकड़ी तस्करों के खिलाफ तीन से चार कार्रवाईयां की हैं।

### तलाकशुदा पत्नी पर दफ्तर में घुसकर किया हमला

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक महिला ने अपने पूर्व पति के खिलाफ कार्यालय में घुसकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंदिर हसौद नगरपालिका में बतौर कंप्यूटर ऑपरेटर कार्यरत तृप्ति मिश्रा ने दिनेश मिश्रा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। तृप्ति ने पुलिस को बताया कि गुरुवार दोपहर वह अपने ऑफिस में काम कर रही थी। इस दौरान दिनेश ने जबरन ऑफिस के अंदर प्रवेश किया और लोहे के सूजे से तृप्ति की छाती तथा पीठ पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा मौके से फरार हो गया।

### नौकरी लगाने का झांसा दस लाख की ठगी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में धमतरी की एक महिला ने दो लोगों के खिलाफ हॉस्टल में अधीक्षक की नौकरी लगवाने के नाम पर दस लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कौशल्या चंदेल ने शंकरलाल साहू तथा रामाधार बंजारे के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।

# संस्कार समर क्लास में बच्चों को किया गया साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)




संस्कार शिक्षण संस्थान द्वारा प्रतिभा विद्यालय में आयोजित मल्टी टैलेंट समर क्लासेस के दौरान बच्चों के लिए साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम थाना प्रभारी पिथौरा उमेश वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ।

इस अवसर पर थाना प्रभारी उमेश वर्मा ने छात्रों को इंटरनेट से जुड़ी बढ़ती चुनौतियों और साइबर अपराध के प्रति सचेत रहने के टिप्स दिए। उन्होंने छात्रों को बताया कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और अनजान व्यक्तियों से ऑनलाइन दोस्ती न करें। साथ ही अज्ञात कॉल का जवाब न देने और किसी भी परिस्थिति में ओटीपी साझा न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी संस्थान ओटीपी नहीं मांगता है, इसलिए सतर्क रहना आवश्यक है। थाना प्रभारी ने छात्रों को यह भी समझाया कि लालच में आकर किसी भी लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें। साइबर अपराध से जुड़े मामलों में तुरंत नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराने तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने की जानकारी दी गई।

समर क्लास की डायरेक्टर सीमा गौरव चंद्राकर ने भी बच्चों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बेहतर उपाय है। कार्यक्रम में पिथौरा थाना स्टाफ से जुनैद खान, संजय निषाद, राम विलास साहू, गौरव चंद्राकर और राजा बाबू उपाध्याय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सद्भावना एवं युग निर्माण का संदेश को लेकर गांवों में पहुंची कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित अखंड ज्योति कलश यात्रा के अंतर्गत तीसरे दिन ग्राम रोड़ा, खुटेरी, फुलझर, कमरोद, मामा भांजा, पचेड़ा, कोसरंगी, नवाडीह, सिरगिडी आदि ग्रामों में यात्रा का भव्य आयोजन हुआ।



इस अवसर पर गायत्री चालीसा पाठ, अखंड ज्योति पत्रिका और युग निर्माण सत्संकल्प पत्रक का वितरण एवं वाचन किया गया। लगभग 500 परिजनों से संपर्क कर उन्हें एकाग्रता, तनाव से मुक्ति एवं पारिवारिक सुख-शांति के लिए गायत्री साधना की प्रेरणा दी गई। आचार्य श्रीराम शर्मा आचार्य के संदेशों का भी पाठ कर श्रवण कराया गया। ग्राम नवाडीह में संध्याकालीन दीपयज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। इस आयोजन में ग्राम के सक्रिय परिजन बहरा राम, तोरण साहू, उदय राम साहू, राम पटेल, सेवक राम साहू, अजय साहू, नंद कुमार साहू, बरिहा गुरुजी का विशेष सहयोग रहा। रथ यात्रा में अनिल (वाहन चालक), ओम प्रकाश साहू, रामचरण पटेल, प्रीतराम, धनीराम का भी सराहनीय योगदान रहा। गायत्री शक्ति पीठ महासमुंद से जुड़े परिजन ललित कुमार मेश्राम, हीरालाल साहू, रिखीराम साहू, जगमोहन, परस चौहान, बोध राम साहू, भारत साहू आदि रथ यात्रा में सक्रिय रूप से शामिल रहे। इस पुण्य यात्रा का उद्देश्य जन-जन तक अध्यात्मिक जागरण, सद्भावना एवं युग निर्माण के संदेश को पहुंचाना है।

# स्काउट-गाइड ने सार्वजनिक प्याऊ में राहगीरों की प्यास बुझाने किया शरबत वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिला संघ महासमुंद द्वारा संचालित प्याऊ घर में शरबत वितरण किया गया
- रामकुमार साहू स्काउटर के सौजन्य से शरबत वितरण

जिला संघ महासमुंद द्वारा दलदली रोड स्थित श्रीराम पाठशाला के सामने संचालित प्याऊ घर में शरबत वितरण किया गया। रामकुमार साहू जिला मुख्यालय आयुक्त स्काउट के जन्मदिवस पर राहगीरों को शीतल पेय शरबत वितरण किया गया। शरबत वितरण कार्य में श्रीराम पाठशाला के गाइड एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा के स्काउट गाइड ने शरबत वितरण कर सेवा कार्य किया।

इस अवसर पर समाज सेवी ताराचंद चांडक, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, जिला संगठन आयुक्त गाइड लीनू चंद्राकर, ब्लाक सचिव लता वैष्णव, पूर्व डीटीसी मधु शर्मा, श्रीराम पाठशाला के उर्मिला मरकाम, यशोदा तिवारी, लक्ष्मी मानिकपुरी, गाइड डिगेश्वरी, बिंदा सांवरा, सुमित्रा सोना, राहुल ठाकुर, आदित्य पवार, इंद्रजीत देवांगन, निहाल चंद्राकर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त गाइड लीनू चंद्राकर ने किया।

# सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों को मिलेगा संवैतनिक साप्ताहिक अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



- नपाध्यक्ष ने दिए निर्देश, आज से मिलेगा अवकाश का लाभ

शीघ्र ही सफाई मित्रों व स्वच्छता दीदियों को सवैतनिक साप्ताहिक अवकाश मिलेगा। नपाध्यक्ष ने कर्मचारियों की मांग पर विभाग प्रभारी को आवश्यक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में विभाग द्वारा प्रस्तुत रोटेशन को पालिका अध्यक्ष साहू ने अनुमोदन करते हुए शनिवार से ही कर्मचारियों को इसका लाभ देने निर्देशित किया। ज्ञात हो कि नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू के समक्ष गत दिनों स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्य कर रहे सफाई मित्रों ने सुरक्षा उपकरण सहित साप्ताहिक अवकाश के संबंध में अपनी बातें रखी थी। जिसमें पालिका अध्यक्ष ने उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए तत्काल सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराया गया तथा सप्ताहिक अवकाश के संबंध में शाखा प्रभारी को ऐसी व्यवस्था बनाने का निर्देश दिये थे कि प्रत्येक स्वच्छता दीदीयों/ सफाई मित्रों को इसका लाभ मिल सकें।

# अंगना म शिक्षा पढ़ई तिहार में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**पिथौरा (ग्रामीण)।** शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपाली में अंगना म शिक्षा पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माताओं के सहयोग से बच्चों को घर पर सीखने-सिखाने का सकारात्मक वातावरण तैयार करना और उनके कौशल विकास को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न रचनात्मक और प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। माताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास का संचार हुआ। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के स्टाफ, प्रधान पाठक पद्मलोचन प्रधान, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पालकों का विशेष योगदान रहा।

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की अग्रणी भूमिका : योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- प्रधान पाठक राजेंद्र इंगोले की सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई व सम्मान



प्रधान पाठक राजेंद्र इंगोले के सेवानिवृत्ति के अवसर पर शाला परिवार एवं शिक्षा समिति भलेसर (महासमुंद) द्वारा सम्मान व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। अध्यक्षता स्थानीय सरपंच सेवाराम कुर्रे ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत, छग शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन, सहायक संचालक एनके सिन्हा, विखं शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, बीआरसी जागेश्वर सिन्हा, जिलाध्यक्ष छग शिक्षक संघ राजेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ओमनारायण शर्मा, संदीप घोष, मुन्ना साहू उपस्थित रहे।

इस मौके पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की अग्रणी भूमिका रही है। शिक्षक ही समाज निर्माण में भूमिका का निर्वहन करते हुए आईएएस, आईएफएस, डाक्टर, इंजीनियर, राजनेता बनाने में जीवन समर्पित करता है।

जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत ने कहा कि शिक्षक की गोद में संपूर्ण सम्मान पलता है। उन्होंने कहा कि राजेंद्र इंगोले एक समर्पित शिक्षक होने के साथ कुशल नेतृत्वकर्ता रहे हैं। संगठन की ओर से उमेश भारती गोस्वामी, टेकराम सेन ने कहा कि राजेंद्र इंगोले शिक्षा, शिक्षार्थी, राष्ट्र एवं शिक्षक हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य करते करते हुए शिक्षा जगत को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर ओमनारायण शर्मा, राजेश शर्मा, भागवत जगत भूमिल ने भी अपनी बात रखते हुए शिक्षक के सम्मान को राष्ट्र का सम्मान बताया। अतिथि विशिष्ट अतिथि के आसंदी से राजेंद्र इंगोले प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला भलेसर ने कहा कि कुशलतापूर्वक 40 वर्षों से सेवा के लिए ईश्वर सहित समाज को धन्यवाद देता हूं, जिसने मेरा हौसला बढ़ाया।

सम्मान समारोह के अवसर पर इंगोले की धर्मपत्नी सीमा इंगोले, विखं शिक्षा अधिकारी बागबाहरा वर्मा, रामकुमार साहू, भगोलीराम, मानिक साहू, कुबेर साहू, तुलाराम डड़सेना, डीके तिवारी, मनोहर लाल साहू, टामिन साहू, कोमल साहू, जगदीश प्रजापति, प्रभारी अनिता सिन्हा, प्रीति कर्माकर, महेश साहू, श्री गुप्ता सहित नागरिक, अधिकारी कर्मचारी व शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रीति कर्माकर, महेश साहू व आभार प्रदर्शन अनिता सिन्हा ने किया।

# बिरकोनी कन्या स्कूल के इको गार्डन में की गई साफ-सफाई

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में ईको क्लब प्रभारी व्याख्याता परस राम सिन्हा, विद्यालय के समस्त स्टॉफ और ग्राम पंचायत से भेजे गए मजदूरों ने साथ मिलकर ईको गार्डन में साफ़ सफ़ाई और पौधों में पानी देने का कार्य किया गया। पूरे विद्यालय परिसर का साफ़ सफ़ाई किया गया। ईको क्लब प्रभारी व्याख्याता परस राम सिन्हा ने पानी का सदुपयोग करने, पानी बचाने, पानी व्यर्थ नहीं बहने देने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, जैविक खेती को बढ़ावा देने, कोदो, कुटकी, रागी आदि फसलों को बढ़ावा देने के लिए निवेदन किया और सब ने मिलकर पेड़-पौधों को संरक्षित और सुरक्षित रखने का कार्य किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू, व्याख्याता रागिनी चंद्राकर, अनुपमा मानिकपुरी, संतराम साहू, चित्रसेन साहू, मनहरन लाल भट्ट, निधि अग्रवाल, मनीषा तिर्की, व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल, शिक्षक महेंद्र ध्रुव, रेणुका चंद्राकर, कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, जान्हवी पटेल, दुलारी, अजय दीवान, भूषण और मजदूरगण उपस्थित रहे।

एजेन्सी देना है

हरिभूमि

हरिभूमि
समाचार पत्र महासमुंद
जिला के अंतर्गत
झलप, छिलपावन
में संवाददाता नियुक्ति करना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में
लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
स्वयं का वाहन, शिक्षा 12वीं से स्नातक
संपर्क - हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
9098324969

# आतंकी हमले का घोर निंदा करते हुए शिक्षक संघ ने दी दिवंगतों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई महासमुंद द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर आतंकी हमले की घोर निंदा करते हुए मृतकों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए छग शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि आतंकी व पाकिस्तान द्वारा की गई कायराना हरकत अत्यंत ही निंदनीय है। उपप्रांताध्यक्ष टेकराम सेन द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा गया कि हमारे भारतीय पर्यटकों को धर्म पूछकर मारा जाना अत्यंत ही क्रूरतापूवर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि घाटी में 28 भारतीयों की हत्या नहीं, बल्कि उन्होंने हिदुत्व पर प्रहार किया है, हम इसकी घोर निंदा करते हैं।

इस अवसर पर राजेश शर्मा, रामकुमार साहू, प्रमोद कन्नौजे, राजेंद्र इंगोले, भगोलीराम साहू, कुबेर साहू, लक्ष्मीकांत सिन्हा, चेतन दीवान, भागवत जगत भूमिल, डी बसंत साव, मानिक साहू, भेषलाल ठाकुर, राजकुमार वर्मा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए एक स्वर में कहा कि पाकिस्तान अपने नापाक हरकत से बाज आए अन्यथा भारतीयों द्वारा करारा जवाब दिया जाएगा। सभी ने कहा कि भारत सरकार कटोर से कटोर कदम उठाते हुए आतंकियों पर कठोर कार्यवाही करें। इस घटना में मारे गये निर्दोष भारतीयों को नगर के मुख्य चौक मोती गार्डन, जय स्तंभ में शोकसभा आयोजित कर विनम्र श्रद्घांजलि दी गई।



# अघोषित बिजली कटौती से त्रस्त नागरिकों ने घेरा बिजली कार्यालय : अंकित

**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि विगत कई दिनों से बागबाहरा के लगातार अघोषित बिजली कटौती और बिजली विभाग की मनमानी से त्रस्त बागबाहरा के निवासियों और युवाओं ने बागबाहरा बिजली कार्यालय का सांकेतिक घेराव कर दो सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन ए ई सिदार को सौंपा। अंकित ने बताया कि बागबाहरा नगर में विगत कुछ दिनों से लगातार अघोषित विद्युत कटौती की जा रही थी, पीने का पानी भरने तक आम जन को समस्या का सामना करना पड़ रहा था और तो और भीषण गर्मी से चैन से सो पाना भी मुश्किल हो रहा था, और तो और मोबाइल भी विभाग द्वारा नहीं उठाया जाता, इससे आक्रोशित बागबाहरा के निवासी महिलाएं समेत बड़ी संख्या में बागबाहरा बिजली कार्यालय का घेराव करने पहुंचे और महासमुंद डीई के नाम ज्ञापन सौंपा। आगे से इन समस्याओं से निजाद दिलाते हुए पटरी पार के कनेक्शन को पुनः शहर में जोड़ने की मांग की। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंकित बागबाहरा, आशाराम बाँधे, शिवा जगत पार्षद, कृष्णा हरपाल, बालकृष्ण चंद्राकर, सुमित बघेल, अभिषेक यादव, नर्सिंग प्रसाद साहू, सुरेश यादव, घनश्याम दास, हेमंत सेन, अवंती टंडी, शुभम् जगवानी, मनीष ठाकुर, मोहन बाँधे, देवेंद्र तावरकर, रज्जाक ख़ान, नवीन यादव, कृष्णा ठाकुर, कुंआरी ठाकुर, नीरा ठाकुर, कुलेश्वरी ध्रुव, महेश बघेल, दिखु सेन, तुलसी बाई, संतोषी सोनवानी, नीलम सोनवानी आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार//

ग्राम खुर्सीपार. प.ह.न.-22.
रा.नि.मं- कोमाखान
तहसील कोमाखान. (छ.ग.)

---00---

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक. शिवकुमार यादव पिता श्री कुन्जोराम यादव जाति राउत निवासी ग्राम खुर्सीपार तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं का जन्म दिनांक 22.01.1984 को ग्राम खुर्सीपार तहसील कोमाखान में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण आवेदक द्वारा उक्त तिथि में अपने स्वयं के जन्म दिनांक 22.01.1984 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 13.05.2025 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर / दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
कोमाखान

# छात्राओं के लिए सात दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की एसईसी (गार्डनिंग एंड फ्लोरिकल्चर) के छात्राओं के लिए सात दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को गार्डन एवं नर्सरी निर्माण के बारे में बताया गया। प्रथम दिवस पर छात्राओं को महाविद्यालय के पौधों से प्राप्त सूखे पत्तियों की खाद निर्माण किया गया। अर्थात पत्ती की साचा का निर्माण किया गया। यह प्रशिक्षण 21 अप्रैल से 26 अप्रैल तक संचालित हुआ। भविष्य में जैविक खेती से खाद्य उत्पादों का उत्पादन एवं भूमि की उर्वरता शक्ति प्राकृतिक तरीके से बढ़ाने के विधि को बताया गया। छात्राओं को अपने घर की सजावट एवं बाड़ी में फूल, फल, सब्जियों के पैदावार में बढ़ोतरी में भी खाद के महत्व को बताया गया। गार्डनिंग एवं उसकी मैनेजमेंट के बारे में क्लासेस दी गई। बम्हनी नर्सरी में पौधारोपण करने की विधि ग्राफ्टिंग, बडिग, गुटी लगाना और बीज अंकुरण करने के पूर्व की तैयारी, बीज अंकुरण करना और उसकी देखरेख के बारे में बताया गया। छात्राओं ने बम्हनी नर्सरी में अरबी की खेती करना सिखाया। वहां निर्मित क्यारी में अरबी को रोपित किया गया। विभिन्न प्रकार के पौधों का गुटि लगाना, ग्राफ्टिंग एवं कटिंग करना भी किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कुल 16 छात्राएं सम्मिलित रही। बम्हनी नर्सरी में प्रशिक्षण बम्हनी नर्सरी प्रमुख रमन पटेल एवं सहयोगी भूषण लाल ध्रुव द्वारा दिया गया। यह कार्यक्रम छात्राओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए बॉटनी डिपार्टमेंट की सहायक प्राध्यापक कविता गहीर के निर्देशन में आयोजित की गई थी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शीलभद्र कुमार द्वारा छात्राओं को रुचिकर रूप से सीखने के लिए प्रेरित किया गया एवं भविष्य में इस क्षेत्र तथा अपने घर में गार्डनिंग करने, प्रकृति से जुड़ाव को प्रेरित किया।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जल यात्रा के साथ अखंड रामायण सम्मेलन हुआ

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सतनामी समाज के तत्वावधान में तीन दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 26 अप्रैल को जल यात्रा के साथ संपन्न किया गया। तीन दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन आयोजन में 31 रामायण मंडलियों ने अपने प्रस्तुति दी गई। जिसमें सतनामी समाज के लोग जुटे रहे। इसमें चोवाराम पटेल, परशु, बलदाऊ, बृजेश, चिंताराम पटेल, हीरो, भागवत, शकुन, लाजवंती, सुनीता, कौशल, हेमा, डिकेश्वरी, विमला, रवि, महेंद्र, कमला, चिंता पटेला, संतोषी, सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि का सहयोग रहा। गांव में रामायण सम्मेलन का आयोजन 42 साल से चला आ रहा है।

### पेट रोग विशेषज्ञ कल रहेंगे उपलब्ध

**महासमुंद।** शहर के मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में 27 अप्रैल सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक पेट रोग, लिवर, पित्त रोग, गॉल ब्लैडर, पैनक्रियाज के विशेषज्ञ डॉ. एनएस गरड (डीएनबी, एमएनएएनएस हेपेटोलाजिस्ट, गेस्टोलाजिस्ट, इंटर वेन्टीओनल इंडोस्कोपिस्ट) उपलब्ध रहेंगे। विशेषज्ञ डॉ. एनएस गरड हर माह के चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे।

**गरीबों को कर्ज के गहरी खाई में धकेलने का काम कर रही है पीएम आवास योजना**

# दस साल में नहीं हुई पीएम आवास की राशि में बढ़ोत्तरी, कर्ज लेकर घर बनाने मजबूर है ग्रामीण हितग्राही : डॉ रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में लाखों पीएम आवास की स्वीकृति का श्रेय प्रदेश सरकार ले रही है। इन पीएम आवास स्वीकृति के प्रचार में करोड़ों रुपए फूंके जा रहे है। लेकिन, आवास योजना की राशि में रत्ती भर नहीं बढ़ी, ऐसे में पीएम आवास योजना गरीबों को कर्ज के गहरी खाई में धकेलने का काम कर रही है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार स्वयं की पीठ थपथपा रही है कि हमारे सरकार ने पहली हस्ताक्षर आठ लाख गरीबों को आवास देकर उनका भला करने के लिए किया है। परन्तु, आज के समय में आवास के लिए दी जाने वाली राशि पर्याप्त नहीं है। लिहाज़ा, हितग्राही कर्ज लेकर आवास बनाने मजबूर है। आगे डॉ. रश्मि ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गरीबों को पीएम आवास बनाने के लिए 1 लाख 20 हजार सरकार दे रही है। साथ ही नरेगा से 21 हजार रुपए का भुगतान किया जा रहा है। इस तरह से हितग्राही को कुल 1 लाख 42 हजार पीएम आवास बनाने दिया जा रहा है।

पीएम आवास ग्रामीण की राशि में पिछले दस वर्षों से वृद्धि नहीं हुआ है। जबकि, निकाय क्षेत्र में कई दफा राशि में इजाफा किया गया है। इसके विपरीत पिछले दस वर्षों में बिल्डिंग मटेरियल का भाव आसमान छू रहा है। आप अनुमान लगा सकते है कि पिछले दस वर्ष पहले सरिया का दाम क्या था और वर्तमान में छः हजार रूपए हो चला है।

सीमेंट की कीमतों में भी भारी इज़ाफ़ा हुआ है। यहां तक कि ढाई सौ रुपए में काम करने वाले राज मिस्त्रियों ने भी अपना रेट बढ़ा कर दोगुना कर दिया है। महंगाई के इस जमाने में क्या आवास के लिए दी जाने वाली राशि पर्याप्त है? यह सरकार को सोचना होगा।

### अमीरों की तर्ज पर घर बनाने के चक्कर में कर्ज में डूब रहे हितग्राही

पीएम आवास के लिए दी जाने वाली राशि के अनुरूप मकान निर्माण नहीं कर हितग्राही अपने हिसाब से संपन्न लोगों का नकल कर घर बनाने के चक्कर में कर्ज के दलदल में हितग्राही धंस रहा है। परंतु, इसके अलावा कोई चारा भी तो नहीं। पुराने मकान में पूरा संयुक्त परिवार एक साथ रहता था। आवास स्वीकृत होने पर पूरा घर तोड़ना पड़ा। अब वह घर 1 लाख 40 हजार में बनने से तो रहा नहीं, नतीजन हितग्राही मोटा कर्ज कर या जमीन बेचकर मकान बनाने मजबूर है। कर्ज कर मकान नहीं बनाएगा तो सड़कों पर तंबू में रहने के अलावा कोई दूसरा चारा भी तो नहीं।

### शहरी और ग्रामीण के भेदभाव में पिस रहा गरीब

पीएम आवास हितग्राही शहरी और ग्रामीण के भेदभाव में पिस रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में 1.40 लाख रुपए पीएम आवास निर्माण के लिए प्रदान किए जा रहे है तो वहीं शहरी क्षेत्र में 2.80 लाख रुपए हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए दिए जा रहे है। अब ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र में प्रदाय कि जाने वाली राशि शहर से आधा है। जबकि, दोनों हितग्राहियों को एक ही भाव में बिल्डिंग मटेरियल खरीदना है। तो आप अनुमान लगाएं की ग्रामीण क्षेत्र में आवास कैसे बनता होगा और हितग्राहियों को आवास के बदले नसीब में सिर्फ भारी भरकम कर्ज हाथ आता है।

**आयोजन: छात्रों को शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य के लिए किया जागरूक**

# शोध-भविष्य की राह पर सशक्त पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और विद्यार्थियों को

- पिथौरा के चंद्रपाल डडसेना शासकीय महाविद्यालय में लघु शोध एवं कैरियर गाइडेंस पर कार्यशाला का आयोजन

वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में चंद्रपाल डडसेना शासकीय महाविद्यालय पिथौरा एक सशक्त कदम के रूप में आगे आया है। प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्दीकी के मार्गदर्शन में अंग्रेजी विभाग द्वारा लघु शोध एवं कैरियर गाइडेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक शोध की बारीकियों से अवगत कराया गया। बल्कि, भविष्य की दिशा तय करने में भी मार्गदर्शन मिला।





कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिससे वातावरण में ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा की भावना व्याप्त हो गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित वत्सल तिवारी बूढान साय शासकीय नवीन महाविद्यालय तेंदूकोना ने कैरियर गाइडेंस विषय पर अत्यंत सारगर्भित, प्रेरक एवं मार्गदर्शी व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्तमान दौर में युवाओं के समक्ष मौजूद कैरियर विकल्पों, सरकारी एवं निजी क्षेत्र की संभावनाओं, स्टार्टअप संस्कृति और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर विस्तृत प्रकाश डाला। वहीं शाश्वत तिवारी ने लघु शोध विषय पर अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को यह बताया कि कैसे सीमित संसाधनों में भी गुणवत्ता पूर्ण शोध कार्य किया जा सकता है। उन्होंने शोध समस्या की पहचान, सैद्धांतिक ढांचे का निर्माण, डेटा संग्रहण की विधियां और निष्कर्ष प्रस्तुति जैसे महत्त्वपूर्ण पहलुओं को सरल भाषा में समझाया।

इस कार्यशाला ने न केवल विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य के लिए जागरूक किया, बल्कि उन्हें अपने भीतर छिपे शोधकर्ता और प्रोफेशनल को पहचानने का अवसर भी दिया। अंत में प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्दीकी ने सभी आमंत्रित वक्ताओं, आयोजकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन महाविद्यालयीन शिक्षा को नई दिशा देने में मील का पत्थर साबित होते हैं। कार्यशाला में डॉ. एसएस तिवारी, डॉ. एसएस दीवान, डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. कपिल चंद्रा, डॉ. मुकेश्वर सोनवानी सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण जितेंद्र कुमार पटेल, ईश्वर पटेल, शेखर कानूनगो, सुमन पटेल, टिकेश्वरी, राकेश तिवारी, मुकेश निषाद, रोशनी ध्रुव, तनमित कौर, सुनीता पटेल, लक्ष्मण साहू, योगेश पटेल, दुष्यंत धृतलहरे, रामकुमार रविदास, खीरसागर बरिहा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशिष्ट बना दिया।

## मुस्लिम समाज ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में निकाली रैली

**सरायपाली।** विगत दिनों जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसके विरोध में स्थानीय मुस्लिम समाज द्वारा रैली निकाली गई, जिसमें बच्चे, बुजुर्ग, युवा आदि सैकड़ों की संख्या में सामाजिकजन शामिल हुए। साथ ही जय स्तंभ चौक पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जहां सभी ने आतंकी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए सरायपाली मुस्लिम समाज द्वारा जुम्मे की नमाज के बाद एक मौन विरोध रैली निकाली गई। रैली मस्जिद से शुरू हुई, जो जय स्तंभ चौक तक पहुंची, जहां एक शोक सभा का आयोजन किया गया। रैली में समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद और भारत जिंदाबाद के नारे लगाकर आतंकवाद के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। इस दौरान विरोध स्वरूप हाथों में तख्तियां लेकर उन्होंने यह संदेश दिया कि भारत का मुसलमान आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट है। रैली के दौरान सभी सामाजिकजन जय स्तंभ चौक पर एकत्रित हुए और हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता और इस्लाम किसी भी तरह की हिंसा को समर्थन नहीं देता। भारत का मुसलमान हमेशा देश की एकता, शांति और अखंडता के साथ खड़ा है। सभी ने एक स्वर में आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कदम उठाने की आवश्यकता जताते हुए राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस विरोध प्रदर्शन में मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी शाहिद खान, मुस्तफीज आलम खान, असफाक खान, जनाब खान, फारूख हुसैन, अख्तर मेमन, अब्दुल नईम लखानी, पेश इमाम मौलाना अब्दुल सत्तार अशरफी, अजहर खाम, इरफान शेख सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।





## खाद्य अधिकारी से मिले नगर पालिका उपाध्यक्ष, राशन वितरण पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव से मुलाकात कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर चर्चा की। नपाउपाध्यक्ष राठी ने अधिकारी से कहा कि शहर सीमा में संचालित राशन दुकानों में एपीएल राशन कार्डधारियों को कुछ दुकानों पर चावल समय पर नही मिलता। तकनीकी त्रुटि हो तो उसे माह के शुरूआत में ही हल कर लिया जाए। फूड इंस्पेक्टर द्वारा सभी राशन दुकानों में नियमित निरीक्षण कराया जाए। निरीक्षण से एकरूपता बनी रहती है। दुकानदार भी मनमानी नहीं कर पाएंगे। खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा बराबर देखरेख होनी चाहिए। कुछ राशन दुकान वार्ड सीमा से बाहर हैं, ऐसे दुकानदारों को हिदायत दी जाए कि जिस वार्ड की दुकान है उस वार्ड में लगे हितग्राहियों को ज्यादा सफर राशन लेने के लिए नहीं करना पड़ेगा। दुकानदारों का व्यवहार बीपीएल, एपीएल कार्डधरियों के साथ सरल रहे। इसे भी समय-समय पर चिंतन किया जाए। गर्मी का समय है, सभी राशन दुकानों में पीने का शुद्ध पानी की व्यवस्था हो, ऐसा निर्देश दुकानदारों को दिया जाए। एक से अधिक राशन दुकान चलाने वाले से दूसरे समूह को टेंडर निकालकर राशन दुकान दिया जाए, इससे दुकान पर ग्राहकों का लोड नहीं बढ़ेगा।





## प्राणी शास्त्र विभाग ने मनाया वर्ल्ड अर्थ डे

**बसना।** जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना में प्राचार्य डॉ एसके साव के निर्देशन एवं प्राणी शास्त्र विभाग अध्यक्ष गीतिका प्रधान के मार्गदर्शन में एमएससी द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा वर्ल्ड अर्थ डे का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम अवर पावर अवर प्लेनेट है। यह अक्षय ऊर्जा का उपयोग कर 2030 तक ट्रिपल क्लिन इलेक्ट्रिसिटी लक्ष्य को प्राप्त करने के उपायों पर केंद्रित है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध, लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चांदनी मेहर एमएससी द्वितीय सेमेस्टर व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डलेश्वरी साव एमएससी द्वितीय सेमेस्टर तथा द्वितीय स्थान चांदनी मेहर एमएससी द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने पृथ्वी में उपस्थित पेड़ –पौधे, जीव-जंतु के सुरक्षा के विषय में चर्चा की। कार्यक्रम में आकांक्षा भोई, निधि जोशी एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पटपरपाली में 12 लाख की लागत से बने नवनिर्मित शाला भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

समीपस्त ग्राम पटपरपाली में 12 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित शासकीय प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण शनिवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति रामदुलारी सिन्हा रहीं। अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता सीताराम सिन्हा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि रामदुलारी सिन्हा ने उद्बोधन में कहा कि यह भवन केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि शिक्षा का मंदिर है, जहां से नयी पीढ़ी का भविष्य संवरने वाला है। अध्यक्षता कर रहे ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि यह भवन आने वाली पीढ़ी के लिए मजबूत नींव का कार्य करेगा। विशिष्ट अतिथि पुरुषोत्तम घृतलहरे ने भवन की समुचित देखरेख में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी ने कहा कि इसी विद्यालय भवन से पढ़कर कोई डॉक्टर, कोई इंजीनियर, कोई आईएएस, आईपीएस अधिकारी बनेगा और क्षेत्र का नाम रोशन करेगा। वरिष्ठ भाजपा नेता सीताराम सिन्हा ने भी नवीन भवन के लोकार्पण पर ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का स्वागत भाषण ग्राम पंचायत सरपंच मिथलेश पटेल ने किया तथा आभार प्रदर्शन उपसरपंच पिंकी ध्रुव ने व्यक्त किया।



इस अवसर पर अशोक डड़सेना, रामाधीन सिन्हा, संतोष पटेल, अजय ध्रुव, सुमीत सिन्हा, गिरधर साहू, अमृता ध्रुव, डिगेश्वरी निषाद, देवकुंवर बघेल, गुंजा पटेल, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष शिवकुमार डड़सेना, हीरामणि यादव, पुष्टम निर्मलकर, घनश्याम ध्रुव, तीरथ साहू, जय सिंह नेगी, नीलांबर पटेल, तुलसीराम ध्रुव, लक्ष्मण साहू, चंद्रशेखर ध्रुव, जय कुमार ध्रुव, ललित ध्रुव, अवधराम यादव, गजानंद साहू, घनश्याम प्रसाद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**कथा के दौरान भागवताचार्य ने सुनाया राम व कृष्ण जन्म की कथा**

# बेटा श्रवण कुमार जैसा चाहिए तो पति को भी श्रवण कुमार बनने दो: आचार्य नरेंद्र







हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवताचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (सिलयारी धाम) चाय वाले बाबा ने श्रीराम जन्म व कृष्ण जन्म कथा की प्रेरक प्रसंग श्रद्धालुओं को श्रवण कराया। स्थानीय खैराबाड़ा बीटीआई रोड में उषा कमलनारायण चंद्राकर, शिल्पा सपन चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में आचार्य नरेंद्र नयन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से देर शाम तक कथा श्रवण करा रहे हैं। यह निरंतर 30 अप्रैल तक चलेगी।

कथा के दौरान भगवताचार्य शास्त्री ने रामजन्म कथा की व्याख्या करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम का जन्म केवल रावण वध के लिए नहीं हुआ था। अपितु, धर्म की स्थापना, मानव समाज को मानवता व पापियों को मुक्ति देने के लिए हुआ था। उन्होंने कहा कि भाई का साथ छोड़ने से रावण की हार हुई, और भाई के साथ रहने से प्रभु श्रीराम की जीत। उन्होंने कहा कि भाई का साथ मिलने से बड़े से बड़े संकट का सामना व्यक्ति कर सकता है। उन्होंने भागवत कथा श्रवण करने आई माताओं-बहनों से कहा कि यदि पुत्र श्रवण कुमार जैसे चाहते हो तो पति को भी श्रवण कुमार बनने दो। अपने माता-पिता की तरह अपने सास-ससुर का आदर, सम्मान करों। उनका ख्याल रखो। स्वयं होकर पति को माता-पिता की सेवा के लिए प्रेरित करें, जो समय आज बुजुर्ग माता-पिता का है, वही समय कल आपका आएगा। आपके बच्चे भी बड़े होंगे। आपकी भी बहुएं आएंगी, जो व्यवहार आज आप अपने सास-ससुर से करेंगे, वही कल आपको अपनी बहू से मिलेगा। इसलिए, सदैव यह ध्यान रखे की समय परिवर्तनशील है, जो कर्म आप करेंगे, वही लौटकर आपके पास आएगा। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के जन्म होते ही सभी श्रोता खड़े होकर झूम उठे। जन्म लियो चारों भैया, अवध में बाजे बधइयां आदि भक्ति गीतों पर माताएं-बहनें, बुजुर्ग, युवा सभी झूमते नजर आएं। कथा के दौरान सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति रही।



## पशुओं के लिए कोटना का इंतज़ाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद चंद्रशेखर बेलदार एवं युवा टीम ने गाय, भैंस, कुत्ते व अन्य घुमंतू पशुओं की प्यास बुझाने वार्ड में अलग-अलग जगहों पर कोटना का इंतजाम किया है। ताकि, बेजुबान जानवरों को तेज गर्मी में पीने के पानी के लिए भटकना न पड़े और उन्हें राहत पहुंचाने की पहल की गई है। इसके साथ ही वार्डवासियों से भी अपील की गई कि अपने घरों के आस पास इसी तरह की व्यवस्था करें।









